**SET-2**

**Series JMS/C**

कोड नं.
Code No. **4/1/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×3=6*

नए गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखंड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें ।
भीनी-भीनी ख़ुशबू वाले
रंग-बिरंगे
ये जो इतने फूल खिले हैं
कल इनको मेरे प्राणों ने नहलाया था
कल इनको मेरे सपनों ने सहलाया था
पकी सुनहली फ़सलों से जो
अबकी यह खलिहान भर गया
मेरी रग-रग के शोणित की बूँदें इसमें मुसकाती हैं ।

(क) किन पंक्तियों में भारत की खुशहाली में कृषकों मज़दूरों के योगदान का उल्लेख है ? *2*

(ख) 'मेरी भी आभा है इसमें' से कवि का क्या तात्पर्य है ? *2*

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : *2*

'नए गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है ।'

**अथवा**

लक्ष्मण-रेखा के दास तटों तक ही जाकर फिर जाते हैं,
वर्जित समुद्र में नाव लिए स्वाधीन वीर ही जाते हैं ।
आज़ादी है अधिकार खोज की नई राह पर आने का,
आज़ादी है अधिकार नए द्वीपों का पता लगाने का ।
रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी ज़मीन, जिसका श्रम है,
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है ।
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आज़ादी है अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का ।

(क) किस पंक्ति का आशय है – सीमाओं में बँधे लोग आगे बढ़कर ख़तरे नहीं उठाते जैसा स्वतंत्र वीर करते हैं ? *2*

(ख) आज़ादी का अधिकार हमें क्या-क्या करने की स्वतंत्रता देता है ? *2*

(ग) स्वतंत्रता का सीधा क्रम क्या माना गया है ? उसे अपने शब्दों में समझाइए । *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिन कर्मों में किसी प्रकार का कष्ट या हानि सहने का साहस अपेक्षित होता है, उन सबके प्रति उत्कंठापूर्ण आनंद उत्साह के अंतर्गत लिया जाता है । कष्ट या हानि के भेद के अनुसार उत्साह के भी भेद हो जाते हैं । साहित्य मीमांसकों ने इसी दृष्टि से युद्धवीर, दानवीर, दयावीर इत्यादि भेद किए हैं । इनमें सबसे प्राचीन और प्रधान युद्ध-वीरता है । इसमें आघात, पीड़ा क्या मृत्यु तक की परवाह नहीं की जाती । इस प्रकार की वीरता में साहस और प्रयत्न दोनों चरम उत्कर्ष तक पहुँचते हैं । केवल कष्ट या पीड़ा सहन करने के साहस में ही उत्साह का स्वरूप स्फुरित नहीं होता । उसके साथ आनंदपूर्ण प्रयत्न या उसकी उत्कंठा का योग चाहिए । बिना बेहोश हुए भारी फोड़ा चिराने को तैयार होना साहस कहा जाएगा, पर उत्साह नहीं । इसी प्रकार चुपचाप बिना हाथ-पैर हिलाए घोर प्रहार सहने के लिए तैयार रहना साहस और कठिन से कठिन प्रहार सहकर भी जगह से न हटना धीरता कही जाएगी । ऐसे साहस और धीरता को उत्साह के अन्तर्गत तभी ले सकते हैं जबकि साहसी या धीर उस काम को आनंद के साथ करता चला जाए, जिसके कारण उसे इतने प्रहार सहने पड़ते हैं । सारांश यह है कि उसकी उत्कंठा में ही उत्साह का दर्शन होता है । धृति और साहस दोनों का उत्साह के बीच संचरण होता है । दानवीर में अर्थत्याग का साहस होता है और उसके कारण होने वाले कष्ट को सहने की क्षमता भी । दधीचि, कर्ण या महाराज रघु की वीरता इसी कोटि की है ।

(क) उत्साह के अन्तर्गत किस प्रकार के कर्म आते हैं ? *2*

(ख) वीरता कितने प्रकार की बताई गई है और किस प्रकार के वीर को श्रेष्ठ माना है और क्यों ? *2*

(ग) 'दानवीर' किसे कहा जाता है ? प्रमुख दानवीरों के नाम लिखिए । *2*

(घ) युद्ध-वीरता को प्रमुख स्थान क्यों प्राप्त है ? उसके लक्षण बताइए । *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**3.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) गार्ड के हरी झंडी दिखाते ही गाड़ी चल पड़ी । (मिश्र वाक्य में)

(ख) कबूतर कभी किसी चीज़ को गिराकर तोड़ देते हैं । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) संकट आने पर घबराना उचित नहीं । (मिश्र वाक्य में)

(घ) अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हो गया । (वाक्य का भेद बताइए)

**4.** कोई शब्द पद कब कहलाता है ? उदाहरण दीजिए । *2*

**अथवा**

शब्द को पद बनने के लिए किन व्याकरणिक बंधनों से बँधना पड़ता है ? समझाइए ।

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

पाठशाला, सप्तपदी, यथाशक्ति

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) दस हैं सिर जिसके

(ii) मधुर हैं जो वचन

(iii) रघु का वंश

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : *1×4=4*

(क) तुम आए, यही आपकी कृपा है ।

(ख) प्रेमचंद 'गोदान' के लेखक मुंशी को कौन नहीं जानता ।

(ग) आप शर्बत पी लिए हैं क्या ?

(घ) बैंक चलो, मैंने रुपए निकालने हैं ।

(ङ) लड़की लोग सब घर चला गया ।

**7.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) अंग्रेज़ों ने लक्ष्मीबाई के सामने _________ दिए ।

(ख) वज़ीर अली कारतूस लेकर चला गया और लेफ्टीनेंट _________ रह गया ।

(ग) अच्छे अंक लाने के लिए रात-दिन _________ पड़ता है ।

## खण्ड ग

**8.** कैसे कह सकते हैं कि समाज के पास शाश्वत मूल्यों जैसा अगर कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है । 'गिन्नी का सोना' के आलोक में उत्तर दीजिए । *5*

**अथवा**

रूढ़ियाँ जब बँधन बनने लगें तो उनका टूट जाना ही क्यों अच्छा है ? 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) वज़ीर अली के किस्से सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी ? *2*

(ख) 'अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? *2*

(ग) तताँरा-वामीरो की मृत्यु के बाद निकोबार में क्या परिवर्तन आया ? *1*

**अथवा**

'बड़े भाई साहब' के व्यक्तित्व की एक विशेषता लिखिए ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'मीराबाई' कृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती हैं ? 'पद' के आधार पर उत्तर दीजिए । *2*

(ख) कबीर की साखियों के आधार पर लिखिए कि अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए श्रेष्ठ उपाय क्या बताया गया है ? यह किस प्रकार लाभकारक होता है ? *2*

(ग) गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं ? *1*

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता में 'सुमृत्यु' किसे कहा गया है ?

**11.** सुमित्रानंदन पंत की कविता के आधार पर पहाड़ों में वर्षा-ऋतु में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए । *5*

**अथवा**

कैफ़ी आज़मी के गीत के आधार पर भारतीय वीरों की बहादुरी का चित्रण कीजिए और उनके संदेश की विशेषता का उल्लेख कीजिए ।

**12.** समाज में हरिहर काका जैसे किसी व्यक्ति पर हो रहे अन्याय, अनाचार को रोकने के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं ? तर्कसम्मत उत्तर दीजिए । *5*

**अथवा**

"प्राय: अभिभावक अपने बच्चों को खेलकूद में अधिक रुचि लेने से रोकते हैं ।" इस विषय पर अपने तर्कसंगत विचार 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खण्ड घ

**13.** कुछ साथियों के बहकावे में आकर आपने विद्यालय के हॉस्टल में कोई अशिष्ट आचरण किया जिसकी शिकायत वार्डन ने प्रधानाचार्य को कर दी है । अपनी स्थिति समझा कर क्षमायाचना करते हुए उन्हें प्रार्थना-पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं; विद्यालय की रंग-मंडली द्वारा प्रस्तुत नाटक को देखने और उसके बाद श्रेष्ठ अभिनेताओं को पुरस्कृत करने का आग्रह करते हुए शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर लगभग 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) मेट्रो रेल

- महानगरीय सुखद स्वप्न
- लोकप्रिय क्यों
- भविष्य

(ख) परिवार में नारी की स्थिति

- माँ और पत्नी के रूप में
- समाज के प्रति
- अपने प्रति

(ग) वह अविस्मरणीय यात्रा

- कब
- कहाँ
- अविस्मरणीय क्या

**15.** आगामी नवरात्रि से पूर्व आप 'गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला' प्रारंभ करने जा रहे हैं । इससे संबंधित समय, स्थान, शुल्क आदि की जानकारी देते हुए एक विज्ञापन लगभग 25 – 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

आपके पिताजी का अचानक स्थानांतरण हो जाने के कारण नया टी.वी., फ्रिज और सोफा बेचना आवश्यक हो गया है । इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 25 – 50 शब्दों में लिखिए ।

**16.** आपके खेल शिक्षक ने विद्यालय में कबड्डी प्रशिक्षण का निर्णय किया है । इच्छुक छात्रों के नाम माँगते हुए एक सूचना 25 – 30 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

'संबोधन' नामक किसी संस्था की ओर से नि:शुल्क चिकित्सकीय जाँच के कार्यक्रम की लगभग 25 – 30 शब्दों में एक सूचना लिखिए ।

**17.** परीक्षा के दिनों में अनियमित विद्युत्-आपूर्ति की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रबंधक, राज्य विद्युत्-आपूर्ति निगम को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

विद्यालय से नाम काटे जाने के कारणों पर अपनी सफाई देते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर पुन: कक्षा में बैठने की अनुमति देने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए ।